**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

**दिनांक : 09.08.2024** **समय : 1905**

- देश भर में आज से हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी लेकर अपलोड करने का अनुरोध किया है।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज द्वीपों के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन के चलते अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से बैंगलुरू की एक विश्वविद्यालय के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया जाएगा।
- पोर्ट ब्लेयर में खेले जा रहे विभिन्न आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों का फुटबॉल फाइनल बारह अगस्त को खेला जाएगा।

<><><><><><><>

देश भर में आज से हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह मे भी इस अभियान में लोग हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि हर घर तिरंगा अभियान देश में एक अदभुत उत्सव बन चुका है। पिछले कुछ वर्षों से पूरे देश में इस अभियान के लिए सबका जोश बहुत ज्यादा रहता है और हर कोई तिरंगा लहराकर गर्व का अनुभव करते हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी लेकर अपलोड करने का भी अनुरोध किया है।

**बाईट–तिरंगा–30 से0**

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज द्वीपों के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मोहनपुरा के सम्मेलन कक्ष में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर यूटी स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अनिल अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में कृमि मुक्ति के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता पर बल देते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से इस कार्यक्रम के महत्व को जानने को कहा। बाल प्रजनक के संयुक्त सचिव डॉ. पी लाल ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य एस. भवानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को एल्बेन्डाज़ोल की खुराक भी दी गई।

<><><><><><><>

भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्री के. पी. उस्मान को अंडमान निकोबार इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि वे श्रमिकों के कल्याण के लिए कार्य करेंगे। प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने श्री उस्मान को नए पद ग्रहण करने पर अपनी शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने अवैध तरीके से खनन और मिट्टी डालने के खिलाफ उल्लंघनकर्ताओं पर दो लाख सोलह हजार का जुर्माना लगाया है। कड़ाकाचांग गांव के विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व अधिकारियों के निरीक्षण के बाद ये कार्रवाई की गई।

उधर, ज़िला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। धन्नीखाड़ी गांव में चलाए गए अभियान के दौरान राजस्व भूमि का खाली कराया गया। राजस्व अधिकारियों की निगरानी और कार्रवाई के चलते जिले में पिछले कुछ दिनों के दौरान आठ हजार वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। ज़िला उपायुक्त ने आम जनता से अवैध खनन में शामिल न होने और अतिक्रमण न करने को कहा है। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन के चलते अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से बैंगलुरू की एक विश्वविद्यालय के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया जाएगा। समझौते के तहत पूछताछ अधिकारियों का कौशल विकास के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। उप–राज्यपाल से प्रस्ताव की स्वीकृति मिलने के बाद अब जल्द ही इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। इससे द्वीपसमूह की पुलिस बल को काफी लाभ मिलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अग्नि और आपातकालीन सेवा की ओर से हाल ही में प्रथमोपचार और आपदा प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप–पुलिस महानिरीक्षक मोनिका भारद्वाज मुख्य अतिथि थी। उन्होंने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं विशेषकर महिला प्रतिभागियों से अग्नि मित्र योजना से जुड़ने और समुदाय की सेवा में हाथ बंटाने का अनुरोध किया। उन्होंने अग्निशमन और आपात सेवा के प्रयासों की भी सराहना की। समापन अवसर पर प्रतिभागियों में प्रमाणपत्रों का वितरण भी किया गया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के मछली बाज़ार के पास एक घर में कल दिन में आग लग गई। सूचना मिलने पर डिगलीपुर अग्निशमन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। दुर्घटना में किराए के पांच कमरों में से तीन कमरे पूरी तरह से जल गए, जबकि दो कमरों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा। इसमें करीब पचास लाख रूपये का नुकसान हुआ। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

<><><><><><><>

पर्यटन से जुड़े लोगों का कौशल विकास करने के लिए कल से पोर्ट ब्लेयर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पर्यटन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी हासिल होगी। कार्यशालाओं, आदान–प्रदान सत्र के जरिए उनका कौशल विकास किया जाएगा। यह कार्यक्रम तेरह अगस्त तक चलेगा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में खेले जा रहे विभिन्न आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों का फुटबॉल फाइनल बारह अगस्त को खेला जाएगा। भातुबस्ती स्कूल मैदान में सुबह साढ़े आठ बजे से लड़कियों के सत्रह वर्ष आयु वर्ग के फाइनल में गर्ल्स स्कूल का मुकाबला जी डी एम एस से होगा। लड़कों के चौदह वर्ष आयु वर्ग में वी के वी और एन सी एस की टीमें आमने–सामने होगी, जबकि लड़कों के उन्नीस वर्ष की श्रेणी मे गाराचरमा और निर्मला स्कूल के बीच फाइनल खेला जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति में वैज्ञानिक, कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक, लेखाकार जैसे विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। एक वर्ष अवधि या उससे अधिक के लिए अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति और आवेदन फॉर्म से संबंधित जानकारियां विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

उधर, डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और डिगलीपुर के दूसरे राजकीय बहुशिल्प संस्थान में विभिन्न विभागों में अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति के लिए तेरह अगस्त को सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। विवरण डीब्रेट की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

इस बीच, अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी में अनुबंध के आधार पर काउंसिलर के एक पद में भर्ती की जाएगी। दस्तावेजों के साथ उम्मीदवार बीस अगस्त की शाम चार बजे तक आवेदन कर सकते हैं। यह पद आई सी टी सी ननकौड़ी के लिए आरक्षित है।

<><><><><><><>

मुख्यभूमि के विभिन्न पेशेवर, तकनीकी और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों के लिए परामर्श तेरह अगस्त को दिन में दस बजे से टैगोर कॉलेज के सभागार में रखा गया है। अंतिम वरीयता सूची में शामिल सभी इच्छुक उम्मीदवारों से जरूरी दस्तावेजों के साथ इसमें शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

चाथम बिजलीघर में रखरखाव का कार्य किए जाने के चलते कल से पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के क्षेत्रों में बारी–बारी से सुबह सात बजे से दिन में एक बजे के बीच लोड शेडिंग की जाएगी।

उधर, दक्षिण अंडमान के विभिन्न भागों में अलग–अलग समय अवधि के दौरान सुबह छः बजे से दिन में दो बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>